# संकल्प सिद्धि

## ई-बुलेटिन (अर्द्धवार्षिक)

अंक : तृतीय (जनवरी-जून 2022)



## शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

माधवपुरम, मेरठ (उ०प्र०)

'नैक' द्वारा 'बी+' ग्रेड प्रमाणित

# प्राचार्य संदेश



समाज के विकास एवं राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक महान राष्ट्र के नागरिकों के रूप में ये अपेक्षाएं, मूल कर्तव्य के रूप में हमारे संविधान में वर्णित है। इन मूल कर्तव्य को आत्मसात कर हम राष्ट्र के समक्ष चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। गणतंत्र की सफलता के लिए विवेकपूर्ण जन भागीदारी आवश्यक है। जन जन के संकल्प से ही स्वावलंबन का लक्ष्य प्राप्त होगा एवं अपने दायित्व व कर्तव्य बोध से ही हम सच्चे भारतीय बन, आत्मनिर्भर भारत की सफल गाथा लिख सकेंगे। देश नई चेतना, नई उमंग और एक नए दृढ़ विश्वास के साथ अपने स्वर्णिम एवं गौरवशाली अतीत को सहजते हुए भविष्य की ओर अग्रसर है । नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति जिसमें भारतीयता, भारतीय भाषाओं में शिक्षा, कौशल विकास, शोध, नवाचार और वैश्विकता का समावेश है, भारत को विकसित देश बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

मुझे विश्वास है कि आजादी के अमृत महोत्सव के आलोक में हम सभी राष्ट्र को विकास के पथ पर ले जाने हेतु संकल्पबद्ध होंगे। शिक्षक राष्ट्र निर्माता के रूप में छात्राओं में मानवीय एवं प्रजातांत्रिक मूल्यों को विकसित करने में अपनी अपेक्षित भूमिका निभा राष्ट्र निर्माण का पथ प्रशस्त करेंगे।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ मैं संकल्प सिद्धि के तृतीय अंक के प्रकाशन हेतु मुख्य संपादक डॉ० गीता चौधरी एवं संपादक मण्डल के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूं।

प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह

# सम्पादक की कलम से...



सुशिक्षित समाज, राष्ट्र के स्वावलंबन एवं आर्थिक विकास की पहली एवं अहम सीढ़ी होता है। किसी भी राष्ट्र का निर्माण उसकी शिक्षण संस्थानों से होता है। शिक्षण संस्थान युवाओं में संकल्पना शक्ति, तार्किकता, संवाद, जिज्ञासा एवं सृजनात्मक क्षमता को विकसित कर उन्हें नवाचार और स्वावलंबन हेतु प्रेरित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा केवल ज्ञान, कौशल विकास एवं रोजगार प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं है बल्कि व्यक्ति के चरित्र निर्माण एवं लोकतांत्रिक अनुशासन भी विकसित करती है। संविधान में वर्णित लोकतांत्रिक सिद्धांतों एवं मूल्यों को सामाजिक ताने-बाने में बुनने का दायित्व भी शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थानों का है । हम सभी शिक्षक महान राष्ट्र के सच्चे नागरिक के रूप में छात्राओं में बौद्धिक ज्ञान के साथ साथ नैतिक गुणों को विकसित कर उन्हें सजग प्रहरी बनाने हेतु संकल्पबद्ध एवं प्रयासरत रहें। आजादी का अमृत महोत्सव, एक भारत, श्रेष्ठ भारत, मिशन शक्ति एवं अन्य महत्त्वपूर्ण अभियानों के माध्यम से शिक्षक छात्राओं में न्याय, समता, बंधुता और स्वतंत्रता के महान संवैधानिक आदर्शों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संकल्प सिद्धि के तृतीय अंक के प्रकाशन हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण, कुशल निर्देशन एवम प्रोत्साहन हेतु हार्दिक आभार !

संपादक मंडल के सभी सदस्यों के सहयोग हेतु आभार!

अंत में शिक्षा के संकल्प के माध्यम से समस्त सिद्धियों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास ही हमारी प्रेरणा है।

सादर कृतज्ञता समस्त के प्रति !

डॉ० गीता चौधरी (मुख्य सम्पादक)



इस उत्कर्ष शिक्षा केन्द्र के विद्या रूपी वातावरण में अपना भविष्य निर्मित कर रहीं छात्राएँ आर्थिक रूप से सक्षम एवं स्वावलंबी भारतीय नागरिक बनें । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई ।

डॉ० ज्योति चौधरी (सह-सम्पादक)



व्यक्ति जितना अधिक संघर्ष करेगा, उसकी जीत उतनी ही शानदार होगी । इसलिए समस्याओं से न डरें, अपना लक्ष्य निर्धारित करें, सफलता निश्चित शानदार होगी। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई ।

डॉ० अमर ज्योति (सह-सम्पादक)



कर्म के बिना ज्ञान का कोई अर्थ नहीं है। ज्ञान को उद्यम से जोड़ने हेतु नई शिक्षा नीति में निहित कौशल विकास की असीम संभावनाएं साकार हो, आशाओं के साथ अनंत शुभकामनाएं ।

डॉ० राकेश कुमार (सह-सम्पादक)




वर्तमान डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान के साथ छात्राएं वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना कर पाएगी । आशा है यह स्वावलंबन की ज्योति का प्रकाश चहुँ ओर फैलेगा । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ संकल्प सिद्धि के प्रकाशन की हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूँ ।

डॉ० वैभव शर्मा (सह-सम्पादक)

## आई०क्यू०ए०सी० : संकल्प शिक्षा, शिक्षण एवं शोध में गणवत्ता का.....



नैक के दिशा निर्देशों के अनुरूप गठित आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई के रूप में शिक्षा, शिक्षण अधिगम एवं मूल्यांकन में गुणवत्ता निश्चयन हेतु विभिन्न सम्बंधित मुद्दों पर अग्रिम कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को निर्धारित एवं सम्पादित कर रही है। इस दिशा में प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं आई०क्यू०ए०सी० समन्वयक डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में दिनांक 09.04.2022 को तृतीय बैठक एवं दिनांक 30.06.2022 को चतुर्थ बैठक का ऑनलाइन आयोजन किया गया। बैठक में वाह्य सदस्य के रूप में प्रो० बीरपाल सिंह भौतिक विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, श्री प्रितीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब मेरठ, डॉ० राजीव गुप्ता क्षेत्राधिकारी, उच्च शिक्षा, मेरठ, श्री कुलदीप शर्मा, अध्यक्ष रॉयल रबर इंडिया मेरठ, अभिभावक प्रतिनिधि, पुरातन छात्रा एवं वर्तमान छात्रा प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में सत्र में शिक्षा, शोध शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों, ऑनलाइन/ऑफलाइन कक्षाओं, वेबीनार, वर्कशॉप का संचालन, नई शिक्षा नीति क्रियान्वयन संबंधित कार्यक्रम, छात्राओं, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की अकादमिक एवं अन्य उपलब्धियों के अवलोकन एवं विश्लेषण के अतिरिक्त अग्रिम कार्य योजना हेतु सुझावों पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में महाविद्यालय की आई०क्यू०ए०सी० समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय युवा महोत्सव : प्रतिभा उन्मेष



साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद् एक रचनात्मकता से परिपूर्ण परिषद् है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 12.01.2022 से दिनांक 19.01.2022 तक विवेकानन्द जी के जन्मोत्सव को युवा महोत्सव सप्ताह के रूप में मनाया गया जिसके अन्तर्गत दिनांक 12.01.2022 को देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन डॉ० शालिनी वर्मा और डॉ० पारुल मलिक द्वारा, दिनांक 13.01.2022 को कविता प्रतियोगिता का आयोजन डॉ० स्वर्णलता कदम और डॉ० नीता सक्सेना द्वारा, क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन डॉ० गौरी व डॉ० कुमकुम द्वारा, दिनांक 15.01.2022 को डॉ० ममता सागर एवं डॉ० शालिनी वर्मा द्वारा, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन, दिनांक 18.01.2022 को ऑनलाइन महाविद्यालय स्तरीय अर्थशास्त्री नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ० राधा रानी तथा डॉ० अमर ज्योति द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ० शबीना परवीन व डॉ० रविन्द्र कुमार द्वारा किया गया । इस साप्ताहिक कार्यक्रम की संचालक डॉ० राधा रानी तथा डॉ० शालिनी वर्मा रहीं।




## गणतंत्र दिवस समारोह



महाविद्यालय में दिनांक 26.01.2022 को देश का 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समारोहक डॉ० पूनम भण्डारी द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक प्रो० अमित भारद्वाज द्वारा प्रेषित गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ० भारती दीक्षित, डॉ० रामचंद्र सिंह एवं छात्राओं ने देश के अमर शहीदों को याद किया व देश की वर्तमान उपलब्धियों से अवगत कराते हुए गौरवमयी भावनाओ से ओत प्रोत कर दिया।



## पुरातन छात्रा सम्मेलन



दिनांक 31.05.22को पुरातन छात्रा सम्मेलन का ऑनलाइन आयोजन किया गया । जिसमें अधिसंख्य छात्राओं ने भाग लिया । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि पुरातन छात्रा सम्मेलन के माध्यम से पुरातन छात्राएं वर्तमान छात्राओं को अपने अनुभव बता कर आपसी सहयोग से उनके विकास हेतु मार्गदर्शन करती हैं। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ० सुधा रानी सिंह द्वारा कहा गया कि महाविद्यालय की पुरातन छात्राएं अपने व्यवसाय में आगे बढ़ रही हैं तथा अनेक उच्च पदों को सुशोभित कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं।

**थोड़ा सा अभ्यास बहुत सारे उपदेशों से बेहतर है । -महात्मा गांधी**

## सूचना, रोजगार एवं करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ




महाविद्यालय परिसर में रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ सेल प्रभारी डॉ० भारती दीक्षित के नेतृत्व में तथा सहप्रभारी डॉ० अमर ज्योति व समस्त रोजगार प्रकोष्ठ समिति के सहयोग से महाविद्यालय की छात्राओं को रोजगार सम्बन्धी जानकारी तथा उनके व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनांक 28.1.2022 को "कैपिटेलाईज योर कैपेबिलिटीज" विषय पर वेबीनार, दिनांक 11.03.2022 को रोजगार संगम पंजीकरण शिविर एवं "सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट" विषय पर एक कार्यशाला, दिनांक 15.03.2022 को छात्राओं हेतु "पुखराज हर्बल केयर में रोजगार के सुअवसर" विषय पर पुखराज हेल्थ केयर की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन कराया गया। प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के सॉफ्ट स्किल विकास हेतु दिनांक 04.04.2022 से दिनांक 13.04.2022 तक दस दिवसीय सॉफ्ट स्किल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## कम्प्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

महाविद्यालय की आई०सी०टी० व कम्प्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम समिति के द्वारा दिनांक 04.04.2022 से दिनांक 04. 05.2022 तक छात्राओं हेतु महाविद्यालय में एक माह के निशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ० अमर ज्योति तथा समिति के सदस्य डॉ० भारती शर्मा, डॉ० राजीव कुमार और डॉ० आशीष पाठक के सहयोग से । माह की इस ट्रेनिंग में छात्राओं को कंप्यूटर की अधिक से अधिक व्यवहारिक कौशल की जानकारी दी गई जिससे कि छात्राएं कम्प्यूटर का व्यवहारिक उपयोग कर आत्मनिर्भर बन सके। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने ट्रेनिंग की पूर्ण अवधि के उपरान्त छात्राओं को पुरस्कृत किया।



## आजादी का अमृत महोत्सव



दिनांक 24.01.2022 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० अनीता गोस्वामी के नेतृत्व में 'उत्तर प्रदेश दिवस' का आयोजन आभासी मंच पर आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरीचौरा शताब्दी महोत्सव की थीम पर आधारित रहा। इसके अतिरिक्त दिनांक 10.05.2022 को क्रांति दिवस के अवसर पर शहीदों को शोर्य गाथा को पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से दर्शाया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना : सामाजिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प ....

छात्राओं के बहुमुखी व्यक्तित्व निर्माण व उन्हें समाज में व्याप्त कठिनाइयों के निदान के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने की उद्देश्य प्राप्ति हेतु महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई मन, वचन व कर्म से संकल्पित व क्रियान्वित हैं। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के कुशल निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (प्रथम इकाई) डॉ० स्वर्णलता कदम व डॉ० पूनम भंडारी (द्वितीय इकाई) के नेतृत्व में दिनांक 01.01.2022 से 30.06.2022 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनांक 25.01.2022 को मतदाता दिवस, चार एक दिवसीय शिविर एवं दिनांक 05.03.2022 से 11.03.2022 तक सात दिवसीय, विशेष शिविर का आयोजन देवी अहिल्याबाई इण्टर कॉलेज ग्राम, लिसाडी में किया गया।






**उस शिक्षा का क्या मूल्य है जो हमारे अंदर गलत को सही करने का जुनून और निडरता ना पैदा कर सके । —किरण बेदी**

## महाविद्यालय नवोमन्मेष प्रकोष्ठ (आई० आई० सी०)



महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के कुशल निर्देशन एवं आई० आई० सी० अध्यक्ष डॉ० रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में दिनांक 11.01.2022 को इनोवेशन सप्ताह, दिनांक 13.01.2022 'प्रोडक्ट फिट मार्किट फिट' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान, दिनांक 12.04.2022 को आर्गेनिक फार्म भ्रमण, दिनांक 26.04.2022 बौधिक सम्पदा विषय पर अतिथि व्याख्यान, दिनांक 24.05.2022 व्यवसाय प्लान पर अतिथि व्याख्यान, दिनांक 27.05.2022 को 'हाउ टू स्टार्ट अप लीगल एथिकल स्टेप्स' विषय पर अतिथि व्याख्यान, 28.05.2022 को बी०एम०सी० पर अतिथि व्याख्यान, 30.05.2022 को मॉडल/प्रोटोटाइप कार्यक्रम, 05.06.2022 को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

## महिला प्रकोष्ठ : लैंगिक समानता की ओर बढ़ते कदम....



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों को शिक्षा एवं शिक्षण हेतु सम्मानजनक एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करना एवं छात्राओं के सम्पूर्ण विकास हेतु शैक्षणिक, तकनीकी, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक और अन्य संबंधी मुद्दों पर कार्यक्रम का आयोजन करना है, साथ ही प्रकोष्ठ किसी भी प्रकार की शिकायत एवं समस्या के निवारण हेतु संकल्पित है। प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य के संरक्षण में वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ० ममता सागर के द्वारा कराया गया। दिनांक 08.03.2022 को महिला दिवस के उपलक्ष में 'हुनर हाट', दिनांक 18.04.2022 से 24.04. 2022 तक सात दिवसीय 'आत्म सुरक्षा कार्यशाला' का आयोजन किया गया।



## 'शोधारंभ: शोध एवं फैलोशिप निर्देश' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



महाविद्यालय में दिनांक 05.03.2022 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं डॉ० गीता चौधरी के नेतृत्व में यू०जी०सी० एवं शोध समिति के तत्वावधान में "शोधारंभ: शोध एवं फैलोशिप निर्देश" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत शोधार्थियों को यू०जी०सी० एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शोध के नियमों से परिचित कराया गया। कार्यशाला के में डॉ० वैभव शर्मा, डॉ० आर० सी० सिंह एवं डॉ० विकास कुमार द्वारा शोध एवं फैलोशिप से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।



## संकल्प सामुदायिक सेवा का : ग्राम जुर्रानपुर




दिनांक 06.04.2022 को महाविद्यालय ने छात्राओं में ग्रामीण समुदाय के प्रति संवेदनशीलता, चेतना, जागरूकता एवं सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं डॉ० गीता चौधरी व डॉ० भारती शर्मा के नेतृत्व में ग्राम जुर्रानपुर को गोद लिया गया। दिनांक 06.04.2022 को "छाछ पर चर्चा", दिनांक 09.04.2022 को भौतिक विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "जल संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण" विषय पर गांव में रैली, दिनांक 23.04.2022 को इतिहास विभाग एवं संगीत विभाग की ओर से "लोक साहित्य एवं संस्कृति संरक्षण" विषय पर कार्यक्रम दिनांक 02.05.2022 को हिंदी विभाग एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गाँव में एस०डी०के० हाईस्कूल में "आओ कहानी एवं खेल के माध्यम से सीखें" कार्यक्रम एवं दिनांक 03.06.2022को शारीरिक शिक्षा विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कालका डेंटल कॉलेज, मेरठ के सौजन्य से दंत चिकित्सा परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया।



*हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र बने, मानसिक विकास हो, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके। -स्वामी विवेकानंद*

## प्रसार व्याख्यान माला



महाविद्यालय की छात्राओं को परम्परागत विषयों के अतिरिक्त अन्य समसामयिक राष्ट्रीय एवं वैश्विक विषयों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं संयोजिका डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में महाविद्यालय में विषय विशेषज्ञों द्वारा ज्वलन्त विषयों से सम्बन्धित व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। दिनांक 08.02.2022 को 21 वीं शताब्दी में विद्यार्थियों के लिए रोजगार कौशल विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ० सरोज बाला, एसोसिएट प्रोफेसर, दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय दिल्ली रहीं ।

## नेशनल कैडेट कोर (एन०सी०सी०)





छात्राओं में अनुशासन, एकता, नेतृत्व और सेवा भाव का संचार करने तथा सशस्त्र सेना में कैरियर बनाने के लिए छात्राओं को प्रेरित करने तथा आरंभिक प्रशिक्षण के उद्देश्य से महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं एन० सी० सी० इकाई डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में विभिन्न आयोजन और कार्यक्रम संचालित किये गये। इकाई द्वारा दिनांक 22.01.2022 को 'वैक्सीन जागरुकता अभियान', दिनांक 23.01.2022 को 'पराक्रम दिवस', दिनांक 30.01. 2022 को 'महात्मा गांधी शहीद दिवस', दिनांक 05.03.2022 को 'स्वच्छता पखवाड़ा', दिनांक 20.03.2022 को 'गौरैय्या दिवस' एवं दिनांक 22.03.2022 को 'विश्व जल दिवस' का आयोजन किया गया।

## स्वीप : सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचित सहभागिता (स्वीप)





जनवरी माह में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचित सहभागिता (स्वीप) के अंतर्गत प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण व स्वीप नोडल अधिकारी डॉ० मुनेश कुमार के नेतृत्व में नैतिक मतदान थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं– रंगोली, स्लोगन, मेहंदी, निबंध, कविता, पोस्टर, नकली मतदान कार्यक्रम, रैली, वॉल पेंटिंग, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक, सेंड आर्ट प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

## क्रांति रेंजर्स टीम





प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण व रेंजर्स प्रभारी डॉ० अनुजा गर्ग के निर्देशन में दिनांक 14.02. 2022 को वृद्धाश्रम विजिट, दिनांक 24.02.2022 से 20.02.2022 तक त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर, दिनांक 14.03.2022 को तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, दिनांक 04.05.2022 से 06.05.2022 तक प्रतिदिन रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय के निकट शरबत वितरण स्टॉल, एवं दिनांक 14.05.2022 को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**जो पुस्तकें हमें सोचने के लिए विवश करती हैं वह हमारी सबसे अच्छी सहायक है । –जवाहरलाल नेहरू**

## बालिका हेल्थ क्लब



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० मंजू रानी के नेतृत्व में शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत बालिका स्वास्थ्य क्लब कार्यरत है। बालिका हेल्थ क्लब के अन्तर्गत छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्रदान कराने हेतु डॉ० भावना सिहं ने स्वास्थ व पोषण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। डॉ० सुधा रानी सिहं ने 'बालिका स्वास्थय एवं पोषण विषय' पर ऑन-लाईन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। बालिका स्वास्थ्य क्लब के सभी सदस्यों ने इन गतिविधियों के आयोजन में अपना योगदान दिया व बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## शिक्षक अभिभावक सम्मेलन



दिनांक 09.03.2022 को डॉ० अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में शिक्षक अभिभावक सम्मलेन का आयोजन किया गया। सम्मलेन में अभिभावकों ने शिक्षण, वाचनालय, पुस्तकालय, अनुशासन, साफ सफाई एवं खेलकूद आदि के बारे में चर्चा की।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : योग संकल्प से स्वास्थ्य सिद्धि



दिनांक 21.06.2022 को एन०एस०एस०, रेंजर्स व शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हस्तिनापुर में आयोजित (शासन द्वारा) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में 33 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ० अनीता गोस्वामी के नेतृत्व में योग महोत्सव का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि योगाचार्य डॉ० बृजेश गुप्ता ने रूस की राजधानी मॉस्को से छात्राओं को संबोधित किया।

## विश्व पृथ्वी दिवस

दिनांक 22.04.2022 को पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता में आई०आई०सी० के तत्वावधान में "अपने गृह में करें निवेश" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ० कुमकुम, जंतु विज्ञान विभाग ने ग्लोबल वार्मिंग, ऑर्गेनिक फार्मिंग, पॉलीहाउस एवं डॉ० रोशन लाल रसायन विज्ञान विभाग ने जैवविविधता एवं ब्रह्माण्ड रहस्य विषय पर छात्राओं को जानकारी प्रदान की। आई०आई०सी० संयोजक डॉ० गीता चौधरी ने छात्राओं को पृथ्वी संरक्षण हेतु कुछ न कुछ निवेश करने हेतु प्रेरित किया।

## मिशन शक्ति अभियान : संकल्प शक्ति अर्जन का....



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० अनुजा गर्ग के निर्देशन में दिनांक 18.04.2022 से सात दिवसीय आत्मसुरक्षा कार्यशाला, दिनांक 07.05.2022 को एन०एस०एस० द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान, दिनांक 11.05.2022 को रेंजर्स द्वारा '1857 महाक्रांति में महिलाओं की भूमिका' विषय पर निबंध आयोजन, 14.05.2022 को रेंजर्स द्वारा स्वच्छता अभियान, दिनांक 27.05.2022 से दिनांक 29.05.2022 तक शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा त्रि-दिवसीय कार्यशाला एवं 28.05.2022 को हिंदी विभाग द्वारा बालिका स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



**देश का सबसे अच्छा दिमाग क्लास रूम की आखिरी बेंचों पर मिल सकता है । -डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम**

## मोबाइल एवं टेबलेट वितरण



शासन के निर्देश के क्रम में महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं नोडल अधिकारी डॉ० राकेश कुमार के नेतृत्व में दिनांक 15.05.2022 को टेबलेट और मोबाइल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ० सोमेन्द्र तोमर राज्य मंत्री ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश ने छात्राओं को टेबलेट मोबाइल वितरित किए।



## ई-वेस्ट मैनेजमेंट कार्यशाला




दिनांक 26.04.2022 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के निर्देशन एवं डॉ० उषा साहनी व डॉ० अमर ज्योति के नेतृत्व में ई-वेस्ट मैनेजमेंट कमेटी के तत्वावधान में ई-वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ० गौरी असिस्टेंट प्रोफेसर ने ई-वेस्ट के प्रभाव कारण एवं निवारण के सम्बन्ध में छात्राओं को जानकारी प्रदान की।



## अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक दिवस




दिनांक 23.04.2022 को अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक दिवस के उपलक्ष में पुस्तक दान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के नेतृत्व में सभी प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के बुक बैंक हेतु पुस्तकें दान की।




## स्किल डेवलपमेंट कोर्स



नई शिक्षा नीति के दृष्टिकोण कौशल विकास के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महाविद्यालय ने वर्तमान स्थानीय और वैश्विक मांग की दृष्टि से सात कौशल विकास पाठ्यक्रम तैयार किए हैं जिनके अंतर्गत छात्राओं को पूर्ण कौशल विकास हेतु विभिन्न संस्थानों से एम०ओ०यू० किए है ।



## शैक्षिक भ्रमण



दिनांक 22.03.2022 को हिंदी विभाग, अंग्रेजी विभाग तथा इतिहास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एम०ए० प्रथम वर्ष एवं एम०ए० द्वितीय वर्ष की छात्राओं को विस्तृत दृष्टिकोण, विचारों में उदारता विभिन्न प्रकार के अनुभव एवं ज्ञानार्जन के उद्देश्य से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हस्तिनापुर शैक्षिक भ्रमण ले जाया गया। छात्राएं बड़ी ही उमंग और उत्साह के साथ हस्तिनापुर भ्रमण पर गयीं । सभी छात्राओं ने जम्बूदीप, सुमेरु पर्वत, तीन लोक रचना, म्यूजियम रेल, त्रिमूर्ति मंदिर आदि के दर्शन करने के साथ ही ध्यान मंदिर में जाकर ध्यान भी लगाया और दिव्य आनंद की अनुभूति प्राप्त की, वहीं नौका विहार ने छात्राओं को खूब आनंदित किया। इसके साथ ही पुरातत्व विभाग के तत्वावधान में चल रही हस्तिनापुर पांडव टीले की खुदाई को देखकर छात्राओं ने पुरातत्व की बारीकियों को समझा तथा विभिन्न स्तरों पर खुदाई का कार्य कैसे किया जाता है, इस बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

**शिक्षा का कार्य गहराई से और गंभीर रूप से सोचना सीखना है । बुद्धिमता के साथ चरित्र यही सच्ची शिक्षा का लक्ष्य है । -मार्टिन लूथर किंग जूनियर**

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० लता कुमार व डॉ० ज्योति चौधरी के निर्देशन में यातायात समिति के तत्वावधान में छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गयी। दिनांक 18.04.2022 से दिनांक 24.04.2022 तक चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया, जिसके अन्तर्गत सड़क सुरक्षा शपथ, जागरुकता रैली का आयोजन किया गया तथा छात्राओं को गुड सेमेरिटन नियम की जानकारी दी गयी।



## वार्षिक क्रीड़ा समारोह



महाविद्यालय में दिनांक 12.03.2022 व 14.03.2022 को वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समारोह का शुभारंभ क्रीड़ा का ध्वज फहरा कर किया गया। सभी छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर शपथ ग्रहण की गई। प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह व समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रो० (डॉ०) अश्वनी गोयल ने गत वर्ष की छात्रा चैम्पियन के साथ तथा क्रीड़ा समारोह के आयोजन सचिव डॉ० भारती शर्मा के साथ मशाल जलाकर छात्राओं को संबोधित किया। विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई जैसे शटल रन, जेवलिन प्रक्षेपण, गोला प्रक्षेपण, चक्का प्रक्षेपण, बैडमिंटन, टेबल टेनिस आदि। छात्राओं ने खूब बढ चढकर प्रतिभाग किया। शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ० पूनम भंडारी एवं डॉ० जितेन्द्र कुमार बालियान का सहयोग रहा।



## अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार



दिनांक 29.01.2022 से 31.01.2022 तक प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं इतिहास विभाग द्वारा विषय "भारत और यूनानी समन्वय कारी सभ्यताएं" एक त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में मुख्य सहयोगी ग्रीक चेयर के अतिरिक्त यूनानी दूतावास, उत्तर प्रदेश सरकार, यूनानी एलीनेपा तथा कमला देवी विद्यापीठ रहे।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी

दिनांक 29.03.2022 व 30.03.2022 को उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित "महाकाव्य एवं पुराण सन्यास विशेष संदर्भ में" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में इतिहास विभाग द्वारा डॉ० अनीता गोस्वामी एवं डॉ० राजकुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ० राजीव गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि जी, प्रो० (डॉ०) कुमार रत्नम, सदस्य सचिव भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, डॉ० अनिल कुमार जे०एन०यू० एवं डॉ० रेनू शुक्ला जी रहीं। दिनांक 30.03.2022 व 31.03.2022 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण में चित्रकला विभाग द्वारा डॉ० रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में "भारत में कार्यस्थल पर लैंगिक भेदभाव" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ० राजीव गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, डॉ० मणि माला शर्मा गवर्नमेंट कॉलेज रोहट राजस्थान, डॉ० तरन्नुम सिद्धकी सरोजनी नायडू सेंटर फॉर वूमेन स्टडीज जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी नई दिल्ली, प्रो० विकास शर्मा, अंग्रेजी विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, डॉ० मंजू गुप्ता कॉलेज ऑफ एजुकेशन आई०आई०एम०टी० यूनिवर्सिटी मेरठ व प्रो० जे० के० पुंडीर, पूर्व विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ रहे।





**भविष्य में रचनात्मकता सफलता की कुंजी है और प्राथमिक शिक्षा वह है जहां शिक्षक उच्च स्तर पर बच्चों में रचनात्मकता ला सकता है। -डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम**

## टग ऑफ वार



महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों डॉ० पूनम भंडारी, डॉ० भारती शर्मा एवं डॉ० जितेंद्र बालियान द्वारा अर्न्तमहाविद्यालय टग ऑफ वार महिला एवं पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 03.03.2022 एवं 04.03.2022 को किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग में 12 टीमों ने एवं पुरुष वर्ग की 10 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मेरठ कॉलेज मेरठ एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान दिगंबर जैन कॉलेज बडौत रही ।



## योग कार्यशाला



महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों डॉ० पूनम भंडारी, डॉ० भारती शर्मा एवं डॉ० जितेंद्र बालियान द्वारा छात्राओं हेतु 21 अप्रैल से 15 दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो० (डॉ०) राजीव गुप्ता जी एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह जी द्वारा किया गया इस कार्यशाला हेतु उत्तर प्रदेश योगा एसोसिएशन के प्रमुख श्री ऋषि पाल जी द्वारा छात्राओं को लगातार प्रशिक्षण दिया गया, महाविद्यालय की 80 छात्राओं द्वारा इस कार्यशाला में सतत प्रतिभाग किया गया ।



## विज्ञान दिवस



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में दिनांक 22.02.2022 से 28.02.2022 तक विज्ञान दिवस मे महाविद्यालय की ओर से डॉ० कुमकुम एवं डॉ० गौरी के निर्देशन में दो स्टॉल लगाए गए, जिसकी थीम 'स्वच्छ भारत एवं पर्यावरण' एवं दूसरा स्टॉल, जिसका थीम हाइड्रोरॉकेट, (वर्किंग मॉडल) था, एम०एस०सी०, प्रथम वर्ष जंतु विज्ञान की छात्रा मानवी ने प्रस्तुत किया। महाविद्यालय को साइंस फेस्ट एग्जिबिशन अवार्ड से सम्मानित किया गया एवं सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने भी सभी को बधाई दी।



## विभागीय परिषद गतिविधियाँ

व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मूल उद्देश्य होता है। व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन इसीलिए किया जाता है, जिससे छात्राओं में न केवल भाषा व भाव का उचित प्रकार से प्रकरण हो बल्कि छात्राओं के मध्य आपस में सहयोग सामंजस्य व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास हो। इसी उद्देश्य के दृष्टिगत छात्राओं के पाठ्य संबंधी पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ विभिन्न पाठ्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह जी का संरक्षण एवं कुशल निर्देशन विभागीय प्राध्यापकों, महाविद्यालय परिवार, छात्राओं तथा शिक्षणेत्तर स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

## हिन्दी विभाग



हिन्दी विभाग में डॉ० सुधारानी सिंह, के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 21.01.2021 को 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' विषय पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता दिनांक 27.01.2022 को स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता विषय- राष्ट्रप्रेम, मतदान जागरूकता, नारी-शक्ति, पर्यावरण संरक्षण, आदि का आयोजन किया गया । दिनांक 10.01.2022 को 'विश्व हिंदी दिवस' और 21.02.2022 को 'विश्व मातृभाषा सप्ताह' बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें छात्राओं ने अब तक आयोजित हो चुके समस्त विश्व हिंदी सम्मेलनों पर आधारित मनोरम झांकी प्रस्तुत की तथा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प लिया। दिनांक 18.04.2022 को हिंदी विभाग में 'हिंदी में रोजगार के अवसर' विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित कराया गया, जिसमें मनोवैज्ञानिक कॉउन्सलर कुंवर प्रतीक सिंह मुख्य वक्ता रहे । सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० स्वर्णलता कदम एवं डॉ० नीता सक्सेना का सक्रिय योगदान रहा।



**ज्ञान ही शक्ति है, सूचना मुक्ति है, शिक्षा हर समाज में, हर परिवार में प्रगति का आधार है । -कोफी अन्नान**

## अंग्रेजी विभाग



अंग्रेजी विभाग में डॉ० मोनिका चौधरी, के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 09.02.2022 को विषय- 'पिक्चर कन्वर्सेशन' पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और दिनांक 12.02.2022 को आशु भाषण प्रतियोगिता, दिनांक 28.03.2022 को अंग्रेजी विभाग में 'Modern English Grammer and Usage' विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित कराया गया, जिसमें डॉ० अनीता अग्रवाल आर०जी०पी०जी० कॉलेज, मेरठ मुख्य वक्ता रही। सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० ऊषा साहनी एवं डॉ० शबीना परवीन का सक्रिय योगदान रहा।



## राजनीति विज्ञान विभाग



राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वाधान में दिनांक 17.02.2022 को क्विज (सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजनीति विज्ञान, भारतीय संविधान, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भारतीय राज व्यवस्था, राजनीतिक चिन्तकों तथा समसामयिक विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। दिनांक 18.02.2022 को विषय- 'भारतीय राजनीति में मतदान व्यवहार' दिनांक 31.03.2022 को 'राजनीति विज्ञान विषय में आजीविका के अवसर' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० रामचंद्र सिंह एवं श्री मुनेश कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।



## अर्थशास्त्र विभाग




अथशास्त्र विभाग में डॉ० भारती दीक्षित, के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 08.02.2022 को "भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु एवं कुटीर उद्योगों का योगदान" विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं "जनसंख्या वृद्धि आर्थिक विकास में बाधक अथवा साधक" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 12.03.2022 को विभाग मे डॉ० लोकेन्द्र सिहं, जनता वेदिक कॉलिज, बड़ौत ने "प्रत्यक्ष विदेशी निवेश" विषय पर व्याख्यान दिया। सभी विभागीय गतिविधियों मे डॉ० मंजू रानी का सक्रिय योगदान रहा।




## समाजशास्त्र विभाग




समाजशास्त्र विभाग में दिनांक 19.02.2022 को लता कुमार के निर्देशन में कैलेन्डर निर्माण प्रतियोगिता, दिनांक 04.03.2022 को डॉ० गीता चौधरी के निदशन में समाजशास्त्र परिषद द्वारा "अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए सुंदर एवं उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया।



**शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। -नेल्सन मंडेला**

## संगीत विभाग



संगीत विभाग में डॉ० राधा रानी के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 22.02.2022 को निबंध लेखन प्रतियोगिता और दिनांक 28.02.2022 को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। संगीत विभाग में दिनांक 16.12.2021 में मतदाता जागरूकता गीत प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० शालिनी वर्मा का पूर्ण सहयोग रहा।

## रसायन विज्ञान विभाग

रसायन विज्ञान विभाग में डॉ० सुरेश जैन के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 24.02.2022 को पोस्टर प्रतियोगिता विषय "अवशिष्ट परबन्धन" और दिनांक 15.11.2021 को निबंध प्रतियोगिता विषय "भारतीय रसायन वैज्ञानिकों के योगदान" का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० अलका चौधरी एवं डॉ० रोशन लाल का पूर्ण सहयोग रहा।




## गणित विभाग



गणित विभाग में डॉ० अमित कुमार के निदशन में विभागीय परिषद् में दिंनाक 17.02.2022 को निबंध प्रतियोगिता विषय "Introduction to the history of mathematics" 21.02.2022 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० सोशल एवं डॉ० शरद् पंवार का पूर्ण सहयोग रहा।

## भौतिक विज्ञान विभाग

भौतिक विज्ञान विभाग के तत्वाधान में डॉ० राजीव कुमार के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिंनाक 21.02.2022 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और दिंनाक 07.03.2022 को निबंध प्रतियोगिता विषय "Contribution Of Physics In Modern Health Care Industry" का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० ज्योति चौधरी एवं डॉ० डेजी वर्मा का पूर्ण सहयोग रहा।



## वनस्पति विज्ञान विभाग



वनस्पति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० वैभव शर्मा के निर्देशन में दिनांक 23.02.2022 को निबंध प्रतियोगिता विषय "ध्वनि प्रदूषण कारक एवं परिणाम" दिंनाक 10.03.2022 को पोस्टर प्रतियोगिता और दिंनाक 14.03.2022 को सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० सशील कुमार एवं डॉ० अरविन्द कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।

## जन्तु विज्ञान विभाग

जंतुविज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० सत्य पाल सिंह राणा के निर्देशन में दिनांक 10.02.2022 को "वायु प्रदूषण" का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता और दिनांक 11.03.2022 को जंतु विज्ञान विषय से संबंधित सेमिनार व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने संबंधित विषय पर मॉडल भी बनाये। जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० कुमकुम एवं डॉ० नरेंद्र कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।



**एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमें अज्ञानता और गरीबी से युद्ध लड़ने की क्षमता प्रदान करती है। -चार्ल्स बी० रंगेल**

## शारीरिक शिक्षा विभाग



शारीरिक शिक्षा विभागीय परिषद के तत्वाधान में डॉ० भारती शर्मा के निर्देशन में "food and nutrition" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, करंट अफेयर्स विषय पर क्विज प्रतियोगिता और दिनांक 22.03.2022 को विषय Sports Management पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय में डॉ० सतेंद्र सिंह जी उपस्थित रहें। दिनांक 22.03.2022 को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सफल बनाने हेतु महाविद्यालय में दिनांक 21.04.2022 से 15 दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

## इतिहास विभाग

इतिहास विभाग परिषद के तत्वावधान में डॉ० अनीता गोस्वामी के निर्देशन में सत्र 2021-222 में "गौरवशाली इतिहास परंपरा" विषय पर मॉडल प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० राजकुमार का पूर्ण सहयोग रहा।



## चित्रकला विभाग



चित्रकला विभाग परिषद के तत्वावधान में डॉ० रविन्द्र कुमार के निर्देशन में दिनांक 21.02.2022 को मटकी सज्जा एवं पुष्प सज्जा, दिनांक 10.03.2022 को ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## वाणिज्य विभाग

वाणिज्य विभाग परिषद के तत्वावधान में डॉ० राकेश कुमार के निर्देशन में सत्र 2021-22 में निबंध प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं अंतर्महाविद्यालय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में ड॰ आवेश कुमार एवं डॉ० लव कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।

## बी० एड० विभाग



विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० अमर ज्योति के निर्देशन में दिनांक 08.12.2022 को पोस्टर प्रतियोगिता विषय "भारत के सेनानी" का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत ही सुंदर और आकर्षक पोस्टर बनाए। दिनांक 06.01.2022 से 18.01.2022 तक डॉ० दीपा गुप्ता के निर्देशन में बी०एड० प्रथम वर्ष की छात्राओं को देवी अहिल्याबाई इण्टर कॉलेज ग्राम, लिसारी में सभी विभाग के प्राध्यापकों के द्वारा अपने संबंधित विषयवार सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कराया गया। दिनांक 18.02.2022 व 19.02.2022 को डॉ० आशीष पाठक के निर्देशन में बी०एड० प्रथम वर्ष की छात्राओं हेतु "रीडिंग व्यक्ति ऑन टेक्स्ट" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय प्राध्यापकों तथा डॉ० पूनम भंडारी सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा व्याख्यान दिए गए। सभी आयोजनों में डॉ० भावना सिंह, डॉ० शालिनी सिंह, डॉ० पारुल मलिक, डॉ० मंजू रानी, डॉ० दीपा गुप्ता तथा डॉ० आशीष पाठक उपस्थित रहे।

## 22 वाँ वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

महाविद्यालय की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद् के अंतर्गत 25.03.2022 को 22वां में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० उर्मिला सिंह व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह द्वारा वार्षिकोत्सव का उद्घाटन किया गया। वार्षिकोत्सव में महाविद्यालय की विभिन्न विभागों की सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं को, विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को मुख्य अतिथि व प्राचार्य द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी गई, जिसमें कालबेलिया नृत्य, पंजाबी नृत्य, हरियाणवी नृत्य, होली नृत्य, नाटक, व गीतों का आयोजन किया गया।



**उच्चतम शिक्षा वह है जो हमें केवल जानकारी नहीं देती बल्कि हमारे जीवन को सभी अस्तित्व के साथ सामंजस्य बिठाती है । -रविन्द्र नाथ टैगोर**

# आगामी गतिविधियां

## जुलाई

- 01 जुलाई से 07 जुलाई - सड़क सुरक्षा सप्ताह
- 01 जुलाई से 07 जुलाई - वन महोत्सव जन आंदोलन
- 11 जुलाई - विश्व जनसंख्या दिवस
- 16 जुलाई से 22 जुलाई - जल संरक्षण सप्ताह
- 26 जुलाई - कारगिल शहीद दिवस

## अगस्त

- 6 अगस्त - मिशन शक्ति आयोजन
- 9 अगस्त - काकोरी एक्शन डे
- 11 अगस्त से 17 अगस्त - स्वतंत्रता सप्ताह
- 14 अगस्त - विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस
- 15 अगस्त - स्वतंत्रता दिवस
- 26 अगस्त - अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस
- 29 अगस्त - राष्ट्रीय खेल दिवस/मेजर ध्यान चंद जयंती
- 31 अगस्त - मिशन शक्ति तृतीय चरण समापन

## सितम्बर

- 1 से 7 सितम्बर - राष्ट्रीय पोषण सप्ताह
- 1 से 15 सितम्बर - स्वच्छता पखवाड़ा
- 5 सितम्बर - शिक्षक दिवस
- 5 से 9 सितम्बर - शिक्षक पर्व
- 8 सितम्बर -अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस
- 8 से 14 सितम्बर - हिंदी पखवाड़ा
- 14 सितम्बर - हिंदी दिवस
- 16 सितम्बर - विश्व ओजोन दिवस
- 20 सितम्बर - एक दिवसीय व्याख्यान (प्रसार व्याख्यानमाला)
- 24 सितम्बर - राष्ट्रीय सेवा योजन स्थापना दिवस
- 28 सितम्बर - स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर जन्मोत्सव
- 29 सितम्बर - सर्जिकल स्ट्राइक दिवस (एन०सी०सी०)
- 30 सितम्बर - परिचय पर्व/ओरिएंटेशन कार्यक्रम (यू०जी०)

## अक्टूबर

- 1 अक्टूबर - अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस
- 1 अक्टूबर - आई०क्यू०ए०सी० की प्रथम बैठक
- 2 अक्टूबर - गांधी जयन्ती समारोह
- 2 अक्टूबर - शिल्प प्रतियोगिता (चित्रकला विभाग)
- 8 अक्टूबर - पुरातन छात्र सम्मेलन (प्रथम)
- 5 से 11 अक्टूबर- सड़क सुरक्षा सप्ताह
- 9 अक्टूबर - महर्षि वाल्मीकि जयन्ती
- 10 अक्टूबर - शिक्षक अभिभावक सम्मेलन प्रथम
- 11 अक्टूबर - अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस
- 16 अक्टूबर - विश्व खाद्य दिवस
- 18 अक्टूबर - रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला विभाग
- 24 अक्टूबर - संयुक्त राष्ट्र दिवस
- 29 अक्टूबर - परिचय पर्व/ओरिएंटेशन कार्यक्रम (पी०जी०)
- 31 अक्टूबर - सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती एवं स्वर्गीय इंदिरा गांधी पुण्यतिथि (समानता दिवस)

## नवम्बर

- 5 नवम्बर - विभागीय परिषदों का गठन
- 10 नवम्बर - एक दिवसीय व्याख्यान प्रसार व्याख्यानमाला
- 11 नवम्बर - राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मौलाना अब्दुल कलाम आजाद जयंती
- 19 से 25 नवम्बर - पर्यावरण चेतना सप्ताह कौमी एकता सप्ताह प्रतियोगिताएं
- 25 नवम्बर - अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस
- 26 नवम्बर - संविधान दिवस
- 26 नवम्बर - विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस
- 27 नवम्बर - एन०सी०सी० दिवस

## दिसम्बर

- 1 दिसम्बर - विश्व एड्स दिवस
- 6 दिसम्बर - नागरिक सुरक्षा दिवस
- 7 दिसम्बर - सशस्त्र सेना झंडा दिवस
- 10 दिसम्बर - विश्व मानवाधिकार दिवस
- 14 दिसम्बर - राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस
- 22 दिसम्बर - राष्ट्रीय गणित दिवस

**शिक्षा ना केवल अवसर की एक पीढ़ी है बल्कि यह हमारे भविष्य में एक निवेश भी है । -ऐड मार्के**


समारोह का आयोजन
फैलोशिप के बारे में बताया
धूमधाम से मनाया
देवी अहिल्या बाई इंटर कॉलेज ,लिसाड़ी,मेरठ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना
सप्त दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ
लिसाड़ी व नूर नगर में जागरूकता अभियान चलाया
प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 ममता सागर के निर्देशन में
दिवस के उपलक्ष में महिला हुनर हाट का किया
पृथ्वी संरक्षण, प्रकृति संरक्षण के लिए करें प्रयास
डॉक्टर लता कुमार ने कम्प्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम के महत्व, उपयोगिता पर डाला प्रकाश
प्रदर्शनी से छात्राओं को प्रतिभा प्रदर्शित करने का मिलता है अवसर: डॉ अंजु सिंह
छात्राओं को सिखाया अनउपयोगी वस्तु का उपयोग
अपने ग्रह में करें निवेश विषय पर हुआ स्मार्ट रूम मे कार्यक्रम का आयोजन
संसाधनों की कमी नहीं बन सकती लक्ष्य में बाधक
बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर व्याख्यान का आ
प्रदर्शनी में छात्राओं ने बनाये विभिन्न प्रकार के मॉडल
पौराणिक साहित्य दिखाता है जीने की राह
हिंदी विभाग में किया गया अतिथि व्याख्यान का आयोजन
साधक विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया
पेंटिंग प्रतियोगिता: शिल्पी व रश्मि अव्वल
पुस्तकों का उपहार पाकर खिले चेहरे
मातृभाषा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया
अंग्रेजी विभागीय परिषद के अं
पुरस्कार वितरण समारोह का आ
निबंध में अंजुम, रुखसार और साजिदा ने बाजी मा
मटकी सज्जा प्रतियोगिता